अत्यावश्यक

जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक : जीविवि / परीक्षा–गोप. / 2016 / 1937 दिनांक 23.11.2016

प्रति,

प्राचार्य / केन्द्राध्यक्ष,
समस्त सम्बद्ध अशासकीय महाविद्यालय,
जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

विषयः जीवाजी वि0वि0 द्वारा समय–समय पर संचालित होने वाली परीक्षाओं के प्रश्नपत्र थाने में रखे जाने बावत्।

महोदय / महोदया,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि समस्त संबंधित अशासकीय महाविद्यालय जिन्हें परीक्षा केन्द्र बनाया गया है, के प्राचार्यों एवं केन्द्राध्यक्षों को निर्देशित किया जाता है कि वे जीवाजी वि0वि0 द्वारा समय–समय पर संचालित होने वाली परीक्षाओं के प्रश्नपत्रों के लिफाफों को समीप के पुलिस थाने में रखें एवं परीक्षा प्रारम्भ होने से पूर्व संबंधित पुलिस थाने से प्रश्नपत्रों के लिफाफे निकालते समय थाने में दिनांक एवं समय आवश्यक रूप से अंकित कराने के उपरान्त ही परीक्षा केन्द्र पर लाये जावे। उपरोक्त निर्देश का पालन अनिवार्य है। यदि इस सम्बन्ध में किसी प्रकार की त्रुटि पायी जाती है तो तत्काल प्रभाव से परीक्षा केन्द्र निरस्त किया जावेगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी संबंधित परीक्षा केन्द्र की होगी।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः

1. पुलिस अधीक्षक जिला ग्वालियर, दतिया, मुरैना, भिण्ड, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर एवं श्योपुर की ओर परीक्षा केन्द्र सूची भेजकर निवेदन है कि वे अपने अधीनस्थ थाना प्रभारियों को आवश्यक निर्देश दें।
2. अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा विभाग, मोती महल, ग्वालियर की ओर सूचनार्थ।
3. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर की ओर सूचनार्थ।
4. कुलसचिव के निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वा. की ओर सूचार्थ।

उप–कुलसचिव (परीक्षा / गोप.)